की तरह से इस मसले को केवल एक आंख से ही नहीं देखना चाहिये और अभी तक जो उन्होंने गर्ल्स एजुकेशन को नजरअंदाज किया है उस गलती को सुधारें और इसके लिये अधिक से अधिक पैसा खर्च करें। इस बारे में मुझे अपने भाई माननीय सदस्यों से भी शिकायत है कि उन्होंने गर्ल्स एजुकेशन के लिये अपने भाषणों में जोर नहीं दिया।

कई मर्तबा घंटी बज चुकी है मैं बस एक वाक्य कह कर अपना स्थान ग्रहण कर लूंगी।

संस्कृत की शिक्षा के लिये, उसके प्रचार व विकास कार्य के लिये भारत सरकार ने 1 लाख 50 हजार रुपये रक्खे हैं लेकिन मेरा कहना है कि इतने में क्या बन जायेगा? और अधिक रुपया संस्कृत के प्रचार के लिए रक्खा जाना चाहिए।

गर्ल्स एजुकेशन के लिए और कंस्ट्रक्शन ऑफ बिल्डिंग्स आदि कार्यों के लिए 17 राज्यों के वास्ते जो दो लाख रुपये रक्खे गये हैं वह बिल्कुल नाकाफी हैं और वह रकम बढ़ायी जानी चाहिए। इस के अलावा वह रकम उस कार्य के लिए एकबारगी खर्च भी नहीं की जाती है जो कि बहुत अनुचित बात है और मंत्री महोदय को इस ओर ध्यान देना चाहिए कि भविष्य में ऐसा न हो। मैं चाहूंगी कि इस दिशा में सक्रिय पग उठाये जाएं, अधिक पैसा दिया जाय और वह खर्च भी किया जाय ताकि गर्ल्स एजुकेशन देश में तेजी के साथ बढ़ सके। मैं चाहती हूं कि लेडीज के वास्ते तमाम देश भर में पार्टटाइम स्कूल, मिड डे स्कूल और डे कालिजेज खुलें। धन्यवाद।

---

17.20 hrs.

## BUSINESS OF THE HOUSE

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND COMMUNICATIONS (DR. RAM SUBHAG SINGH): Sir, there is to be a debate tomorrow from 6.30 to 8.30 in connection with certain incidents that had occurred in some parts of the country against the Harijans. I suggest that that debate may be held from 5 to 7 if the House agrees. Because the decision was taken by the BAC under your chairmanship, I am placing it before the House.

MR. SPEAKER: The point is, the other day, we took a decision that the discussion should be from 6-30 to 8.30 P.M. The President is going to preside over the meeting on the occasion of the Maritime Day in the Central Hall at 7.15 P.M. They expected that the House would adjourn at 7 P.M. and so they fixed it at 7.15 P.M. Now, the suggestion by the Minister is that it should be from 5 to 7 P.M. That one hour and a half will be compensated.

---

17.21 hrs.

## DEMANDS FOR GRANTS, 1968-69—*Contd.*

MINISTRY OF EDUCATION—*Contd.*

THE MINISTER OF EDUCATION (DR. TRIGUNA SEN): Mr. Speaker, I am very grateful to the hon. Members who have participated in this debate and made several valuable suggestions inviting the attention of Government to major weaknesses of our educational system.

I have divided them into three categories. The first group deals with the significance and urgency of a large scale and comprehensive effort to reconstruct the educational system. Under the provision of the Constitution, this is largely the responsibility of the State Governments. But education is also a national concern and the House expects the Ministry of Education to take interest in and to watch over the development of education in the country as a whole and to advise, guide and assist the State Governments to develop it on proper lines. The largest number of proposals refer to this indirect but important responsibility of the Government of India.